Faculty of Education
IASE (deemed to be university)
Institute of Advanced Studies in Education
(Deemed to be University)
Gandhi Vidya Mandir, Sardarshahr – 331403 Distt. Churu (Rajasthan)
E.mail. : bttc.gvm@gmail.com, URL: iaseuniversity.org.in, Mobile No.9828438888

दिनांक – 07.03.2024

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

आई.ए.एस.ई. डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी, गांधी विद्या मंदिर, सरदारशहर के शिक्षा संकाय में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. कंचन शर्मा, प्रवक्ता, सी.टी.ई. उपस्थित रहे। साथ ही प्रो. ओ. पी. जांगिड़ अधिष्ठाता, विज्ञान संकाय, डॉ. पूराराम मेघवाल, अधिष्ठाता, शिक्षा संकाय, डॉ. कैलाश पारीक, अधिष्ठाता, मानविकी एवं सामाजिक विज्ञान संकाय उपस्थित रहे। डॉ. कंचन शर्मा ने सरल कहानियों व घटनाओं द्वारा महिला सशक्तीकरण के उदाहरण प्रस्तुत किये उन्होने बताया कि सावित्री बाई फुले ने विपरीत परिस्थतियो के बावजूद महिला शिक्षा की अलख जगाई उनकी जागरूकता के लिए कार्य किये। समस्या की गिनती करने की बजाय हमें समस्या समाधान पर ध्यान देने की आवश्यकता है। आज प्रधानमंत्री भी राष्ट्रीय स्तर पर महिलाओं के सशक्तीकरण हेतु कार्य कर रहे है। डॉ. दयानिधि पाठक ने हिन्दी साहित्य के संदर्भ देते हुए महिला के प्रति सामाजिक भावनाओं को प्रस्तुत किया। डॉ. उमा सैनी, सहायक आचार्य ने स्वरचित कविता प्रस्तुत की। डॉ. पूराराम मेघवाल एवं डॉ. कैलाश पारीक ने महिला दिवस का महत्व बताया। प्रो. ओ. पी जांगिड. ने मुख्य वक्ता को शॉल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अल्पना शर्मा, सहायक आचार्य ने किया। कार्यक्रम में बी.एड. समेकित बी.एड. एवं कौशल विकास विभाग के समस्त प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे।

अधिष्ठाता (शिक्षा)

शिक्षा संकाय
Time: 07-03-2024 11:14
Note: woman days (IASE deemed to university) F.o.E.